Amar Ujala
18-11-2020

देश में चीनी उत्पादन 15 नवंबर तक 3 गुना बढ़कर 14.10 लाख टन

नई दिल्ली। गन्ने की बेहतर पैदावार और समय पर पेराई शुरू होने से 15 नवंबर तक देश में चीनी उत्पादन 3 गुना बढ़कर 14.10 लाख टन रहा। फसल सत्र 2019-20 (अक्तूबर-सितंबर) में यह 4.84 लाख टन था।

भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने मंगलवार को कहा कि देश में एक साल और अधिशेष चीनी उत्पादन होने जा रहा है, इसलिए वह चीनी निर्यात पर केंद्र के फैसले के इंतजार में है। 15 नवंबर तक यूपी में 3.85 लाख टन और महाराष्ट्र में 5.65 लाख टन चीनी उत्पादन हुआ। एजेंसी